
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026

11 मिशन वात्सल्य के तहत जरूरतमंद बच्चों के...



12 नारनौल से आगरा, मथुरा-वृंदावन और हरिद्वार की राह...





### बंगाल की खाड़ी में बनने वाली दो मौसम प्रणालियों से 19 से 25 जुलाई के बीच झमाझम बारिश की उम्मीद

# हरियाणा-एनसीआर के साथ जिले में 19 जुलाई के बाद मानसून की वापसी के आसार, तब तक उमस करेगी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली के साथ जिला महेंद्रगढ़ में मानसून फिलहाल पूरी तरह कमजोर बना हुआ है। मानसून के आगमन के बावजूद अपेक्षित बारिश नहीं होने से आमजन को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में मानसून ब्रेक की स्थिति बनी हुई है, लेकिन 19 जुलाई के बाद मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और 19 से 25 जुलाई के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अच्छी मानसूनी बारिश होने की संभावना है। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन व रात का तापमान क्रमशः 38.0 डिग्री व 36.2 डिग्री तथा 26 व 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**18 जुलाई तक कमजोर रहेगा मानसून**

#### किसान मानसून की अच्छी बारिश का कर रहे इंतजार

इस समय मानसून ट्रफ हिमालय के तराई क्षेत्रों की ओर सक्रिय है, जिसके कारण हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली में मानसून कमजोर बना हुआ है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन तथा अल-नीनो जैसी वैश्विक मौसमी परिस्थितियां भी मानसून की सक्रियता को प्रभावित कर रही हैं। यही कारण है कि प्रदेश में मानसून का प्रभाव अब तक अपेक्षा के अनुरूप दिखाई नहीं दिया और लोगों को मानसून का वास्तविक अहसास भी नहीं हो सका। वहीं लगातार पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन बीच-बीच में दक्षिणी हवाएं चलने से वातावरण में नमी बनी हुई है, जिससे उमसभरी गर्मी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। दिनभर लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। दूसरी ओर बारिश नहीं होने से खरीफ की फसलें भी प्रभावित होने लगी हैं। खेतों में नमी की कमी के कारण फसलों के सूखने का खतरा बढ़ गया है और किसान मानसून की अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

#### प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में उमसभरी गर्मी का दौर जारी

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में उमसभरी गर्मी का दौर जारी रहा। वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में कोई प्रभावी मौसमी प्रणाली सक्रिय नहीं है, जिसके कारण मैदानी राज्यों में मानसून कमजोर बना हुआ है। हालांकि जल्द ही बंगाल की खाड़ी में दो निम्न दबाव के क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) बनने की संभावना है। पहली प्रणाली 17 जुलाई व दूसरी 20 जुलाई के आसपास सक्रिय हो सकती है। इन दोनों प्रणालियों के प्रभाव से 19 जुलाई के बाद हरियाणा, एनसीआर और दिल्ली में मानसून दोबारा सक्रिय होने की पूरी संभावना है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार 19 से 25 जुलाई के दौरान प्रदेश के उत्तरी, पूर्वी, मध्य, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर अच्छी मानसूनी बारिश हो सकती है। इस दौरान दिन व रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आएगी तथा उमसभरी गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही खरीफ फसलों के लिए यह बारिश अमृत समान साबित होगी और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

#### बड़े बदलाव की संभावना नहीं

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने कहा कि 18 जुलाई तक प्रदेश में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस अवधि में आंशिक बादल छाए रहेंगे तथा कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन व्यापक वर्षा के आसार नहीं हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है और अगले कुछ दिनों तक उमस का प्रभाव भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि 19 जुलाई के बाद मानसून की वापसी के साथ मौसम पूरी तरह बदलने और प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर शुरू होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### अटेली में कल से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

**मंडी अटेली।** धार्मिक आस्था एवं भक्ति के माहौल में अटेली में आज 16 जुलाई से 22 जुलाई तक सात श्रीमद्भागवत कथा महा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वार्ड नंबर दो से पार्षद अशोक जांगड़ा ने बताया कि इस सात दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत आज सुबह आठ बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेंगी। कथा का आयोजन रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर किया जाएगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध संत भरत महाराज (बरसाना वाले) द्वारा किया जाएगा।

### अटेली में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप, फोगिंग की मांग

**मंडी अटेली।** वर्षा का मौसम का शुरू होने से जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका बनती जा रही है। क्षेत्र में मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अटेली कस्बे के लोगों ने जिला प्रशासन से फॉगिंग करवाने की मांग की है। कस्बे में गंदे नाले की छटाई सही से नहीं होने के कारण कस्बे में मक्खी-मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि शीघ्र ही कस्बे में फॉगिंग नहीं हुई तो मलेरिया व डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। अटेली अस्पताल में वर्षा के मौसम के बाद ओपीडी भी बढ़ती जा रही है। विजय गुप्ता, सुनील प्रजापत, निर्मला देवी, रतन नायक, अमित सिंघल आदि ने बताया कि हमारी दुकानों के सामने गुज रहा है। वर्षा के बाद तो मच्छरों की संख्या एकाएक बढ़ गई है।

### वन विभाग ने शुरू किया नि:शुल्क पौधा वितरण अभियान

# दो लाख पौधों से हरा-भरा होगा जिला नर्सरियों में 70 से अधिक प्रजातियां तैयार

- आधार कार्ड दिखाकर सात नर्सरियों से ले सकेंगे पौधे
- जन्मदिन, विवाह, सेवानिवृत्ति व सामाजिक आयोजनों पर भी मिलेगा पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मानसून की दस्तक के साथ ही महेंद्रगढ़ जिले में हरियाली बढ़ाने के लिए वन विभाग ने इस वर्ष का सबसे बड़ा पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया है। जिले में इस बार दो लाख पौधों के वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खास बात यह है कि पौधे केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि आम नागरिक भी आधार कार्ड दिखाकर इन्हें निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे। वन विभाग ने इस अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए बच्चों के जन्मदिन, विवाह, नौकरी ज्वाइन करने, सेवानिवृत्ति, पूर्वजों की स्मृति, सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों जैसे विशेष अवसरों पर भी पौधे उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

वन विभाग का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। इसी सोच के साथ इस बार पौधों के वितरण को व्यापक स्तर पर शुरू किया गया है। मानसून के दौरान शुरू हुआ यह अभियान केवल बरसात तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अगले तीन माह तक लगातार पौधे वितरित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी सुविधा के अनुसार पौधारोपण कर सकें।

इस वर्ष विभाग ने जिले की विभिन्न नर्सरियों में 70 से अधिक प्रजातियों के पौधे तैयार किए हैं। इनमें फलदार, फूलदार, छायादार तथा औषधीय पौधों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। विभाग ने एक ही स्थान पर सभी प्रजातियां रखने के बजाय अलग-अलग नर्सरियों में अलग-अलग किस्मों के पौधे उपलब्ध कराए हैं, ताकि स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकता के अनुरूप पौधों का चयन किया जा सके।

फलदार पौधों में आंवला, अमरूद, जामुन, शहतूत, नींबू सहित कई प्रजातियां तैयार की गई हैं। वहीं छायादार पौधों में नीम, शीशम, बकाण, जांटी, सीरस और सहजणा शामिल हैं। इसके अलावा जंगली जलेबी, रोंज, खैरी, पापड़ी की विभिन्न प्रजातियां तथा अनेक सजावटी और फूलदार पौधे भी उपलब्ध हैं। औषधीय महत्व को ध्यान में रखते हुए तुलसी सहित कई हर्बल पौधे भी तैयार किए गए हैं। जिले के दो हर्बल पार्कों में भी सीमित स्तर पर औषधीय पौध तैयार की गई है।



नारनौल। नर्सरी में तैयार किए गए पौधे। फोटो : हरिभूमि

#### पर्यावरण के लिए बेहद जरूरी है पौधरोपण

विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार बढ़ते तापमान, घटते भूजल स्तर और प्रदूषण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े स्तर पर पौधरोपण बेहद आवश्यक है। एक विकसित पेड़ न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन उपलब्ध कराता है। इसके अलावा यह मिट्टी संरक्षण, जैव विविधता और भूजल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही कारण है कि वन विभाग इस बार केवल पौधे बांटने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि लोगों में पौधों के संरक्षण और देखभाल के प्रति भी जागरूकता पैदा कर रहा है।

#### यह कहते हैं अधिकारी

*मानसून पौधरोपण का सबसे उपयुक्त समय है। जिले में दो लाख पौधे वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। आमजन अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लें। पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है।*
*-बिजेंद्र सिंह, जिला वन अधिकारी, महेंद्रगढ़*

#### इन सात नर्सरियों में मिलेंगे पौधे

वन विभाग ने जिले में सात स्थानों पर नर्सरियां विकसित की हैं, जहां से नागरिक आसानी से पौधे प्राप्त कर सकते हैं। इनमें महेंद्रगढ़ स्थित वन विभाग मुख्यालय, नारनौल में रेवाड़ी रोड स्थित चिंकारा रेस्ट हाउस परिसर, झगड़ोली, नांगल माला, लहरोदा, सिहमा और भुंगारका की नर्सरियां शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति को केवल अपना आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा, जिसके बाद उपलब्ध प्रजातियों में से अपनी आवश्यकता के अनुसार पौधों का चयन कर सकेगा।

#### सार्वजनिक स्थानों पर लगाए पौधे

विभाग ने केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी पौधारोपण को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। स्कूलों के विद्यार्थी, ग्राम पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं, स्वयंसेवी संगठन, सरकारी विभाग और अन्य संस्थाएं भी अपनी जरूरत के अनुसार पौधे प्राप्त कर सकेंगी। विभाग का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक सार्वजनिक स्थानों, विद्यालय परिसरों, सरकारी कार्यालयों, पंचायत भूमि, सड़कों के किनारे और खेतों में पौधरोपण कर जिले के हरित क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि की जाए।

#### कहां से मिलेंगे पौधे

महेंद्रगढ़ वन विभाग कार्यालय, चिंकारा रेस्ट हाउस जंगलात, रेवाड़ी रोड, नारनौल, झगड़ोली, नांगल माला, लहरोदा, सिहमा, भुंगारका से पौधे मिलेंगे।



नारनौल। अवैध निर्माण तोड़ती मशीन। फोटो : हरिभूमि

## डीटीपी ने दो एकड़ भूमि से हटाया अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार शहरी क्षेत्र अटेली में नजदीक बाईपास रोड अटेली मंडी राजस्व सम्पदा मौजा उनिंदा में लगभग दो एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान लगभग दो एकड भूमि में तीन डीपीसी, छह चारदीवारी व दो मकान के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ विभागीय कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक नगर योजनाकार सतेन्द्र कुमार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

## बंसीसिंह पार्क में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नारनौल।** आजाद चौक के समीप बने राव बंसी सिंह पार्क में सोमवार शाम एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पार्क में टहलने पहुंचे लोगों ने युवक को बेंच के पास अचेत अवस्था में पड़ा देखा। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान शहर के मोहल्ला पीरआगा निवासी करीब 35 वर्षीय प्रेमचंद उर्फ काजलिया के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि वह शराब पीने का आदी था। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह अक्सर पार्क और उसके आसपास घूमता रहता था। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती थी। अविवाहित होने के कारण वह अधिकतर समय घर से बाहर ही रहता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार शाम जब लोग पार्क में सैर करने पहुंचे तो उन्होंने युवक को एक बेंच के पास पड़ा देखा। पहले लोगों को लगा कि वह शराब के नशे में बेहोश है, लेकिन काफी देर तक उसके शरीर में कोई हरकत नहीं होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान कर उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महेंद्रगढ़ व दर्जनों गांवों की छात्राओं को होगा सीधा लाभ

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला महेंद्रगढ़ को दिया एक और तोहफा

**दौंगड़ा अहीर में खुलेगा नया राजकीय नर्सिंग कॉलेज: आरती राव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार ने महेंद्रगढ़ जिले के दौंगड़ा अहीर गांव में नया राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने की आधिकारिक मंजूरी दे दी है। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभाग को जल्द से जल्द विभागीय कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि दौंगड़ा अहीर और उसके आसपास के ग्रामीण लंबे समय से इस क्षेत्र में एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की इस व्यावहारिक जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत स्वीकृति प्रदान की है। इस संस्थान के बनने से महेंद्रगढ़ और आसपास के दर्जनों गांवों की छात्राओं को सीधा लाभ होगा।

अब ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों को नर्सिंग जैसे सम्मानजनक कार्य की पढ़ाई करने के लिए अपने घर से दूर बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा और वे अपने ही क्षेत्र में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।

#### क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे



*आरती सिंह राव ने बताया कि इस संस्थान की स्थापना से न केवल ग्रामीण बेटियों के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे, बल्कि वे आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकेंगी। इसके साथ ही, स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सेवाओं का ढांचा मजबूत होगा, जिससे आने वाले समय में इस पूरे क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।*




नांगल चौधरी। अवैध मैरिज गार्डनों के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विकास चौधरी। फोटो : हरिभूमि

## अवैध मैरिज गार्डनों के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- प्रशासनिक मिलीभगति के लगाए आरोप

**नांगल चौधरी।** नगर पालिका में संचालित अवैध मैरिज गार्डनों को बंद कराने की मांग को लेकर एसडीएम नांगल चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि शहर में संचालित मैरिज गार्डनों में निर्धारित मापदंड पूरे नहीं, जिस कारण जानलेवा हादसों की आशंका बनी रहती है। स्थिति से विभागीय अधिकारियों को अवगत करवा दिया, बावजूद कार्रवाई की प्रक्रिया अटकी हुई है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में विकास चौधरी ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के अतर्गत नगर पालिका से मैरिज गार्डनों की सूचना तथा निर्धारित मापदंडों की डिटेल मांगी गई थी, लेकिन विभाग ने अभी तक रिकार्ड मुहैया नहीं कराया है। आरोप लगाया गया है कि संबंधित मैरिज गार्डनों के पास अग्निशमन विभाग, पर्यावरण विभाग अथवा अन्य आवश्यक विभागों की एनओसी नहीं है। ऐसे में कोई दुर्घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी तय करना कठिन होगा, इसलिए प्रशासन को समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए। शिकायतकर्ता ने ज्ञापन के साथ आरटीआई से प्राप्त जानकारी और संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

### बीएलओ अब 24 तक घर-घर जाकर करेंगे गणना प्रपत्र एकत्र

# भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



- डिजिटाइजेशन कार्य को तत्काल पूरा किया जाए : उपायुक्त

भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार हरियाणा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव किया गया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि नए कार्यक्रम के तहत अब बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र एकत्र करने की अवधि 24 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे बिना किसी देरी के अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं अथवा ऑनलाइन माध्यम से स्वयं भरकर प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करते हुए डिजिटाइजेशन कार्य को तत्काल पूरा किया जाए। साथ ही इस कार्य में राजनीतिक दलों के बीएलए का भी सहयोग लिया जाए।

उन्होंने बताया कि योग्य नागरिक अपने दावों व आपत्तियों को दर्ज करा सकेंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एक जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एक त्रुटिहीन और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। नए कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों के युक्तिकरण और पुनर्गठन का कार्य 24 जुलाई 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 31 जुलाई 2026 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। प्रारूप प्रकाशन के पश्चात 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक की अवधि में नागरिक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इन सभी प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा प्रशासन द्वारा 28 सितंबर 2026 तक सुनिश्चित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को इस संशोधित कार्यक्रम के बारे में सूचित कर दिया गया है। सभी राजनीतिक दलों को भी इस नए कार्यक्रम की लिखित सूचना भेजी जा रही है, ताकि प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे और आगामी 3 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सुचारू रूप से किया जा सके।



# गोलमाल के 20 साल पूरे होने का मनाया जश्न...

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अजय देवगन ने मंगलवार को अपनी सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के 20 साल पूरे होने पर खुशी जताई है। इसी के साथ अजय ने सोशल मीडिया पर फिल्म की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने 'गोलमाल' के इस सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई मोशन वीडियो साझा किए हैं। इसी के साथ अजय ने लिखा कि दो दशक पहले शुरू हुआ यह सफर आज भी लोगों को उतनी ही हंसी और खुशी दे रहा है। उन्होंने फिल्म के किरदारों की कुछ मजेदार तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने लिखा, 'गोलमाल शुरू किए हुए 20 साल हो गए और इसका मजा आज भी वैसा ही है।'

लाइफ Style



# आलिया
## तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर हुईं ट्रोल

तुम्बाड 2 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ⏩ मुंबई


नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन, पहली फिल्म 'तुम्बाड'को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, आलिया से तुंबाड 2 को बचाओ। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, फिल्म 'तुंबाड' अपनी कहानी कहने के अंदाज, विजन और उन कलाकारों के जबरदस्त काम की वजह से एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिन्हें बॉलीवुड के बड़े कैंप्स का सपोर्ट नहीं था। एक फैन के तौर पर यह देखना निराशाजनक है कि इतनी अनोखी फ्रैंचाइजी अब मेनस्ट्रीम स्टार पावर की तरफ झुक रही है। मुझे बस उम्मीद है कि 'तुंबाड 2' अपनी जड़ों से जुड़ी रहेगी और काबिल कलाकारों को चमकने का मौका देगी। एक अन्य यूजर ने भी नाराजगी जताते हुए लिखा, 'प्लीज आलिया को कास्ट मत करो।

हॉलीवुड मसाला



# डिगर में दिखे अलग अंदाज में

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड हीरो टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में टॉम क्रूज काफी अलग अंदाज में दिखे हैं। यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज होगी। अभिनेता का एक ऐसा अवतार, जैसे उन्हें पहले कभी पर्दे पर नहीं देखा गया। एक्शन हीरो टॉम क्रूज पर्दे पर आते हैं तो अलग ही रौब नजर आता है, साथ ही उनका लुक भी दमदार होता है। दमदार से यहां मतलब है कि फिटनेस से लेकर फैशन सेंस तक सब कुछ एकदम टिपटॉप।



# पॉल ने गर्लफ्रेंड नताली को बनाया जीवनसाथी...

**लॉस एंजिल्स।** 'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे। कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना।



# अनुराधा ने लता संग विवाद पर तोड़ी चुप्पी...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर्स में से है अनुराधा पौडवाल की एक समय पर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से तुलना की जाती थी। इसी तुलना ने एक विवाद को जन्म दिया जिसमें कहा जाता था कि लता मंगेशकर ने अनुराधा को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। अब इस पर अनुराधा ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में उन्होंने कहा है कि वो मेरी गुरु जैसी हैं और गुरु की कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि गुरु की कोई बराबरी नहीं करता। गुरु को फॉलो किया जाता है, उनकी पूजा की जाती है। दूसरी बात लोगों की सोच ही ऐसी है, क्योंकि वे हमारी तुलना करते हैं, इसीलिए उनको ये सुनने में स्पाइसी लगता है कि उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया'। उन्होंने कहा कि उनका आर्ट जिस बुलंदी पर था तो उस बुलंदी के नजदीक तो आना चाहिए ना, तब तो तुलना होगी।



# अनुराग ने की मलयालम फिल्म की तारीफ

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्ममेकर अभिनव सुंदर नायक की फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' की तारीफ की है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही इसे साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था। अनुराग ने हाल ही में अभिनव के साथ उनके घर पर 2022 की इस मलयालम ब्लैक कॉमेडी फिल्म को देखा और बाद में एक शानदार रिव्यू में इसे जबरदस्त फिल्म बताया। अब अभिनव सुंदर नायक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग कश्यप के घर पर एक दोपहर बिताई, जिसमें फिल्मों, इंडस्ट्री और अपनी हालिया डायरेक्टोरियल फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' पर बातचीत हुई। यह दिन मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

टीवी मसाला

# कुमकुम के 24 साल पूरे, जूही ने साझा किया खास वीडियो

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'कुमकुमः एक प्यारा सा बंधन' के प्रसारण को 15 जुलाई को पूरे 24 साल पूरे हो जाएंगे। इस खास मौके पर शो की मुख्य अभिनेत्री जूही परमार ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी और



दर्शकों के प्रति आभार जाहिर किया है। जूही परमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह शो के मशहूर टाइटल ट्रैक पर नाचती नजर आ रही हैं। भावुक होकर उन्होंने लिखा, 'कुछ कहानियां कभी खत्म नहीं होतीं... वे बस लोगों के दिलों में जिंदा रहती हैं।' जूही ने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, '15 जुलाई को जब 'कुमकुम' के 24 खूबसूरत साल पूरे हो रहे हैं, तो मेरा दिल आभार से भरा हुआ है। यह सचमुच अद्भुत है कि इतने कई साल बाद भी आपका प्यार उतना ही गहरा और खास है।' जूही ने आगे लिखा कि आज भी फैंस के मैसेज, शो की यादें और टाइटल ट्रैक गुनगुनाना उन्हें यह एहसास दिलाता है कि यह सिर्फ एक टीवी शो नहीं था, बल्कि लोगों के परिवारों और दिलों का एक बेहद करीबी हिस्सा बन चुका था। इतने साल बीत जाने के बाद भी दर्शकों का प्यार इस शो के लिए बिल्कुल वैसा ही बना हुआ है। टीवी का लोकप्रिय शो 'कुमकुम' 15 जुलाई 2002 से 13 मार्च 2009 तक स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित हुआ था। इस शो में जूही परमार ने कुमकुम और हुसैन कुवाजेरवाला ने सुमित की मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सुमित और कुमकुम की जोड़ी को टीवी जगत की सबसे पसंदीदा और सुपरहिट जोड़ियों में गिना जाता है।

## लॉकअप 2 में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है।



प्रतिभागियों के बीच खूब तकरार देखने को मिल रही है। वहीं, ड्रामा भी खूब हो रहा है। हालिया एपिसोड में शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चौधरी के बीच तीखी तकरार हुई, जिसमें दोनों एक-दूसरे से 'औकात' पर बात करती नजर आईं। दरअसल, हालिया एपिसोड में देखा गया था कि आकांक्षा चौधरी को कड़ी सजा सुनाई गई और उन्होंने लॉकअप जेल में एक दिन बिताया। जेल से बाहर आने के बाद शिल्पा शिंदे के साथ उनका झगड़ा हुआ है। लॉकअप हाउस को दो वर्गों में बांटा गया था- कंट्रोलर और 'डिपेंडेंट'। कंट्रोलर होने के चलते शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा के साथ पिछले वीक हुए झगड़े में अपमान का बदला लेने की पूरी कोशिश की। उन्होंने आकांक्षा से अपने बिस्तर की चादरें बदलने को कहा, लेकिन 'डिपेंडेंट' होने के बावजूद आकांक्षा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इससे दोनों के बीच झड़प हो गई। बहस के बीच शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा से कहा, 'यही है तुम्हारी औकात है'।

# रणवीर प्रलय की शूटिंग के बीच लेंगे पैटरनिटी लीव ...


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इस साल आई उनकी फिल्म धुरंधर ने ग्लोबल स्तर पर तक छाप छोड़ी है। इंडियन बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। अब आने वाले समय में रणवीर अपनी दूसरी बड़ी फिल्म प्रलय की शूटिंग में बिजी होने वाले हैं। इस के अलावा एक दोबारा से पापा बनने के बाद एक्टर एक लंबी पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। रणवीर सिंह अपने करियर की बड़ी फिल्म प्रलय को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट सामने आ गई है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट की मानें रणवीर अगले महीने यानी अगस्त 2026 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। लेकिन वो ये शूटिंग अगले दो महीनों तक ही करेंगे। इसके बाद पत्नी दीपिका पादुकोण की दूसरी डिलीवरी होनी है। ऐसे में एक्टर दीवाली के आस पास फिल्म प्रलय और अन्य प्रोजेक्ट्स से ब्रेक लेकर पैटरनिटी लीव लेंगे। इस दौरान रणवीर अपनी बेटी दुआ और पत्नी दीपिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे और नए सदस्य का स्वागत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया



रणवीर पैटरनिटी लीव के बाद साल 2027 में ही प्रलय का काम फिर से शुरू करेंगे। रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। साल 2024 में बेटी दुआ के जन्म के बाद साल 2025 और 2026 में धुरंधर और धुरंधर 2 के धमाके ने इंडस्ट्री हिला दी। अब आने वाले दिनों में रणवीर प्रलय में लीड किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर स्टारर प्रलय एक 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म होने वाली है।

# कर्ण से लेकर अश्वत्थामा तक, कल्कि 2 में खुलेंगे अनसुने रहस्य, महाभारत से कनेक्शन पर अश्विन की दो टूक

**नई दिल्ली।** साल 2024 में फिल्म कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन जॉनर वाली इस मूवी ने काफी लोकप्रियता हासिल की। प्रभास , अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी कल्कि का निर्देशन नाग अश्विन ने किया। लंबे समय से कल्कि 2 की चर्चा चल रही है। अब नाग ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि कर्ण और अश्वत्थामा जैसे किरदारों को लेकर पार्ट में क्या खास देखने को मिलेगा। जब फिल्म कल्कि के पार्ट-1 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तब से लेकर अब तक महाभारत से इसको जोड़े जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान नाग अश्विन ने अपनी दो टूक राय रखी है और कहा है- महाभारत के संदर्भों के उन सभी पहलुओं को कल्कि 2 में खासतौर पर स्पष्ट किया जाएगा, जिन पर अभी सवाल उठ रहे हैं। पार्ट 2 का इंतजार कीजिए। पहले आप लोग पार्ट 2 को आने तो दो, इसके बाद ही पता चल पाएगा कि हमने क्लाइमैक्स में क्या और क्यों दिखाया गया। कृपया महाभारत को ध्यान से पढ़िए, मुझे हमारे



इतिहास का अत्यंत सम्मान है और मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं। बता दें कि कल्कि 2898 एडी के क्लाइमैक्स में भैरव (प्रभास) के कर्ण का पुनर्जन्म होने का खुलासा होता है, जिसके बाद वह अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) के साथ मिलकर धर्म की रक्षा करता नजर आता है। हालांकि, असली महाभारत का सार इससे थोड़ा विपरीत माना जाता है।

### कल्कि 2 की शूटिंग जारी

इतना ही नहीं नाग अश्विन ने इस बात का भी खुलासा किया है कि कल्कि 2 में पहले से और ज्यादा बड़े एक्शन सीक्वेंस और मिथकीय ब्रह्मांड का विस्तार दर्शाया जाएगा। बता दें कि फिल्म हैदराबाद में फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

### कौन करेगा दीपिका को रिप्लेस

कल्कि 2898 एडी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सुमति का अहम किरदार अदा किया था। अब जब वह कल्कि 2 का हिस्सा नहीं हैं तो इस मामले को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह कौन सी अभिनेत्री होगी, जो कल्कि पार्ट 2 में दीपिका को रिप्लेस करेगी। इसको लेकर आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिस पर अब नाग अश्विन ने तस्वीर साफ करते हुए कहा है- कल्कि 2 में सुमति के किरदार को कौन निभाएगा, इसकी घोषणा हमें करनी है। अभी जो कुछ भी चल रहा है, वह केवल अटकलें हैं। इतना तय है कि सुमति का किरदार कहानी का बेहद अहम हिस्सा रहेगा। नाग के इस बयान से साफ हो गया कि भैरव, सुप्रीम यास्किन (कमल हासन) और अश्वत्थामा के अलावा कल्कि 2 में कल्कि के किरदार को भी वरीयता दी जाएगी।

## डायरेक्टर ने की थी सुसाइड की कोशिश

# 1957 में आई इस ब्लॉकबस्टर के क्लाइमेक्स के हुए थे 104 रीटेक

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की कई ऐसी फिल्में है जिनका नाम आज भी बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है। आज हम आपकोएक ऐसी ही 69 साल पहले आई ब्लॉकबस्टर फिल्म के बारे में बता रहे हैं। फिल्म को डायरेक्ट किया था बॉलीवुड के महान एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गुरु दत्त ने। इस फिल्म के पूरे होने से पहले एक ऐसी खबर आई थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था। ये खबर थी गुरु दत्त की सुसाइड की कोशिश की।*



### मजबूरी में एक्टिंग की थी

गुरु दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ एक्टिंग भी की थी। पर क्या आप जानते हैं कि गुरु दत्त ने मजबूरी में फिल्म में एक्टिंग की थी। हुआ कुछ ऐसा था कि गुरु दत्त फिल्म में दिलीप कुमार को लेना चाहते थे। उन्होंने दिलीप कुमार से मुलाकात भी। दिलीप कुमार ने फिल्म के लिए हां भी कर दिया था।फिल्म के लिए दिलीप कुमार ने अपनी फीस डेढ़ लाख रुपए बताई थी।

### 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है प्यासा। ये फिल्म गुरु दत्त के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक थी। आईएमडीबी के मुताबिक, प्यासा साल 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में गुरु दत्त ही लीड रोल में नजर आए थे।

### दिलीप कुमार को कास्ट करना चाहते थे

फीस सुनने के बाद गुरु दत्त ने दिलीप कुमार से फीस कम करने का अनुरोध किया था। फीस कम करने की बात पर दिलीप कुमार ने गुरु दत्त से कहा कि उन्हें पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। चूंकि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, तो उनकी जान-पहचान वाले डिस्ट्रिब्यूटर्स फिल्म को ले लेंगे। इसपर गुरु दत्त ने कहा कि उनके जान पहचान के भी कुछ डिस्ट्रिब्यूटर्स हैं जिससे उन्होंने प्यासा का कमिटमेंट कर लिया है।

### जान लेने की कोशिश की थी।

*फिल्म की शूटिंग पूरे जोश से चल रही थी, लेकिन जब ये फिल्म पूरी होने वाली थी उसी वक्त मीडिया में एक हैरान करने वाली खबर आई थी। साल 1956 में फिल्म की शूटिंग अपने फाइनल स्टेज में थी और गुरु दत्त ने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी जान बचाई गई।*

***निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं :*** *गुरु दत्त जब इस फिल्म का शूट कर रहे थे, उनके निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं। गुरु दत्त और उनकी पत्नी गीता के बीच लड़ाई-झगड़े और दोनों के रिश्ते में दूरियां डायरेक्टर को परेशान कर रही थीं। इसका असर फिल्म के प्रोडक्शन में भी दिखा। कहा जाता है कि गुरु दत्त लगातार शूट करते रहते थे। इस फिल्म के क्लाइमेक्स का गुरु दत्त ने 104 बार रीटेक किया था। 104 रीटेक के बाद फिल्म का क्लाइमेक्स फाइनल हो पाया था।*

### जब शूटिंग पर नहीं पहुंचे दिलीप कुमार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बातचीत के बाद भी दिलीप कुमार ने कहा कि वो शूटिंग पर आएंगे। हालांकि, जब फिल्म की शूटिंग शुरू होनी थी, उस दिन दिलीप कुमार सेट पर ही नहीं पहुंचे। गुरु दत्त ने किसी को दिलीप कुमार के घर भेजा, वहां जाकर पता चला कि दिलीप कुमार घर पर हैं ही नहीं। इसके बाद पता चला कि जिस कंपाउंड में प्यासा की शूटिंग होनी थी, उस कंपाउंड में नया दौर की शूटिंग चल रही है और दिलीप कुमार वहां पर हैं। गुरु दत्त ने दिलीप कुमार को मैसेज भिजवाया कि सब लोग सेट पर उनका इंतजार कर रहे हैं। दिलीप कुमार ने कहा कि वो 10 मिनट में आएंगे सेट पर, लेकिन दिलीप कुमार फिर भी नहीं आए। इसके बाद गुरु दत्त ने खुद इस फिल्म में एक्टिंग करने का फैसला लिया।

## हौसलों को सलामः दृढ़ संकल्प, निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच सबसे बड़ी पूंजी

### रेडक्रॉस भवन में जुटे सैकड़ों युवा व सामाजिक कार्यकर्ता, संघर्ष की कहानी बनी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा

# युवा साथी ग्रुप व उड़ान ट्रस्ट ने आईएएस नीतीश कुमार का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्प, निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच सबसे बड़ी पूंजी होती है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी भवन में युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के संयुक्त तत्वावधान में नवनियुक्त आईएएस अधिकारी नीतीश कुमार का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, शिक्षकों, युवाओं व गणमान्य नागरिकों सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।


नारनौल। आईएएस नीतीश कुमार को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

पूरे आयोजन का उद्देश्य युवाओं को संघर्ष, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा देना रहा।समारोह में आईएएस नीतीश कुमार ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन परिस्थितियों के बावजूद यदि व्यक्ति अपने लक्ष्य पर अडिग रहे, तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्रद्धानंद व माता केला देवी को देते हुए कहा कि उनके संस्कार, मार्गदर्शन और विश्वास ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने युवाओं से निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया। संस्था की ओर से आईएएस नीतीश कुमार, उनके माता-पिता व उनके पैतृक गांव खटोटी कलां से आए अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर, पगड़ी बांधकर व स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। गांव के रामौतार, शेरसिंह, रामानंद व पवन यादव को भी उनके सहयोग और प्रेरणादायी योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### मेहनत से हर सपना हो सकता है साकार

समारोह के दौरान सुरेश संघी, सावित्री संघी व सुनील बॉक्सर ने भी स्मृति-चिह्न भेंट कर आईएएस नीतीश कुमार का सम्मान किया। वहीं युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट की टीम ने पगड़ी, फूलमालाएं व स्मृति-चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। रेडक्रॉस सचिव बलवान शर्मा ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते है। संस्था के सक्रिय सदस्य कौशल ने कहा कि नीतीश कुमार की सफलता यह सिद्ध करती है कि कठिन परिस्थितियां कभी भी प्रतिभा का मार्ग नहीं रोक सकती। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो हर सपना साकार हो सकता है। युवा साथी ग्रुप एवं उड़ान ट्रस्ट का प्रतिनित्व कर रहे टिंकू प्रधान ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सम्मान करना नहीं, बल्कि समाज में ऐसे प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सामने लाना है। जिनकी जीवन यात्रा युवाओं में आत्मविश्वास और नई सोच का संचार करें। नया सवेरा टीम मंढाणा के सुदेश कुमार ने कहा कि आज का कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि युवाओं को अपने सपनों के प्रति समर्पित रहने का संदेश देने वाला प्रेरणादायी मंच था।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर रेडक्रॉस सचिव बलवान शर्मा, संस्था के सक्रिय सदस्य कौशल, ओमप्रकाश, शोभा शर्मा, सुरेश संघी, सावित्री संघी, भारत बोहरा, सुदेश कुमार, बिरेंद्र कुमार मंढाणा, योगेश, गोलू, रवि भारती, पीयूष सैनी, विशाल, सावन यादव नर्सिंग ऑफिसर, रविन्द्र शर्मा, अनिल कुमार, शिव मित्तल, योगिता सैनी, कुमकुम खांडा, मोनिका, गौतम मिगलानी, इशू, सूर्यदेव यादव, सुनील यादव, सुरेंद्र शर्मा, रश्मि तिवारी, राजकुमार आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### एबीवीपी स्थापना दिवस पर संगोष्ठी

**सतनाली मंडी।** एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सतनाली नगर इकाई की ओर से परिषद परिचय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कोचिंग सैंटर में आयोजित इस अवसर पर विद्यार्थियों को एबीवीपी की कार्यशैली, विचारधारा एवं गतिविधियों से परिचित करवाया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला संयोजक कमल रोहिल्ला ने एबीवीपी के इतिहास, उद्देश्यों एवं छात्रहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

### पितृ अमावस्या पर श्री अनाथ गोशाला में हवन

**नारनौल।** श्री अनाथ गोशाला में पितृ अमावस्या पर यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य यजमान खेमचन्द शर्मा व पत्नी संगीता शर्मा से यज्ञाचार्य विवेक शास्त्री ने गणेशादी देवी व देवताओं सहित पितृ देवताओं का पूजन करवा ज्योत प्रज्वलित करवाई। यज्ञ में गायत्री मंत्र की आहुति के साथ स्वाहा के उच्चारण से भक्ति, शक्ति व ज्ञान का समावेश रहा। अंत में आरती से यज्ञ समपन्न हुआ व प्रसाद का वितरण किया गया।

### आज से गुप्त नवरात्रि प्रारंभ : राहुल भारद्वाज

**महेंद्रगढ़।** हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। हर साल में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। आमतौर पर चैत्र और आश्विन मास में आने वाले नवरात्रि को तो सब जानते है, परंतु इनके अतिरिक्त भी विशेष कामनाओं की सिद्धि के लिए आषाढ़ और माघ माह के नवरात्रि होते हैं जिन्हें गुप्त नवरात्रि कहा जाता है।
ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस बार आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ 15 बुधवार से होगा। इसके बाद नवमी तिथि को इनका समापन होगा।

### बूथ-57 पर 1,094 फार्मों में से 968 जमा

**नारनौल।** विधानसभा क्षेत्र के गांव नांगतिहाड़ी स्थित बूथ नंबर-57 पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का कार्य पूरा कर लिया गया है। बीएलए-2 एवं कांग्रेस पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला प्रधान तथा पूर्व सरपंच सुरेंद्र पाराशर ने बताया कि बूथ नंबर-57 पर कुल 1,094 फॉर्म घर-घर जाकर वितरित किए गए। इनमें से 968 फॉर्म बीएलओ के पास वापस जमा हो चुके हैं।

### अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# मिशन वात्सल्य के तहत जरूरतमंद बच्चों के भविष्य को संवार रही सरकार

**पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन, स्पॉन्सरशिप एंड फोस्टर केयर व दत्तक ग्रहण (एडॉप्शन) कार्यक्रमों की एडीसी ने की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। स्पॉन्सरशिप योजनाओं की समीक्षा करते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटोः हरिभूमि

हरियाणा सरकार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन वात्सल्य की स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत जिले में अनाथ, बेसहारा और विशेष परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा व सुरक्षा के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार कार्य हो रहा है। इसी सिलसिले में मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बाल कल्याण और बच्चों के संरक्षण से जुड़ी विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम के तहत मिलने वाले लाभों की प्रगति जांची। जिले में इस योजना के तहत वर्तमान में ढाणी-बाठोठा गांव के दो लाभार्थी बच्चे लाभांवित हो रहे हैं। इन दोनों बच्चों ने कोरोना महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो दिया था। प्रशासन की देखरेख में लक्की वर्तमान में बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है, जबकि प्रिंस स्नातक पूरी करने के बाद सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा है। इन बच्चों को विभाग की ओर से 18 वर्ष की आयु तक 4000 रुपये प्रति माह की स्पॉन्सरशिप, 12000 रुपये सालाना और 500 रुपये सालाना की अन्य वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। इसके अलावा सरकार की ओर से दोनों बच्चों के नाम 10-10 लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) की गई है, जिससे उन्हें 5500 रुपये प्रति माह ब्याज की राशि मिल रही है।

यह संचित राशि बच्चे 23 साल की उम्र होने के बाद निकाल सकेंगे। इस राशि के सही उपयोग और बच्चों के आत्मनिर्भर बनने के लिए उन्हें लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण भी दिलवाया गया है। बैठक में जिले में चल रहे दत्तक ग्रहण (एडॉप्शन) कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि रिश्तेदार दत्तक ग्रहण और सौतेले माता-पिता की ओर से गोद लेने के मामलों में कानूनी प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन होना चाहिए। इसके अलावा सभी पात्र बच्चों की होम स्टडी रिपोर्ट को समय पर तैयार करने और मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए, ताकि बच्चों को जल्द से जल्द लीगली फ्री फॉर एडॉप्शन घोषित किया जा सके।

### स्पॉन्सरशिप योजना के तहत वर्तमान में 75 लाभार्थी अनुमोदित

इसी तरह स्पॉन्सरशिप एंड फोस्टर केयर अप्रूवल कमेटी की बैठक में बच्चों के कल्याण के लिए कई निर्णय लिए गए। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्रायोजित स्पॉन्सरशिप योजना के तहत वर्तमान में 75 लाभार्थियों को कमेटी की ओर से अनुमोदित किया जा चुका है। अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावलिया ने निर्देश दिए कि नए प्राप्त आवेदनों की पात्रता, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और परिवार की आय का पूरी तरह सत्यापन करके पात्र बच्चों को वित्तीय सहायता स्वीकृत की जाए। उन्होंने कहा कि अनाथ, एकल अभिभावक और गंभीर बीमारी से प्रभावित बच्चों को इस योजना के तहत प्राथमिकता दी जाए। साथ ही जिन बच्चों के आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं, उन्हें डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से बैंक खातों में समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान लाभार्थियों के मामलों में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और उनके दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन व फॉलो-अप लगातार किया जाएगा।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग। फोटोः हरिभूमि

## यादव महासभा प्रदेश अध्यक्ष रमेश राव पायलट का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के हरियाणा प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रमेश राव पायलट के महेंद्रगढ़ पहुंचने पर क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं एवं प्रबुद्ध लोगों ने उनके अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उनका नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर रमेश राव पायलट ने कहा कि मुझे जो यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरी कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी से पूरी करूंगा एवं समाज एवं क्षेत्र की भलाई के लिए तन मन धन से दिन रात मेहनत करूंगा। पायलट को सम्मानित करने वाली प्रमुख संस्थाओं में हरियाणा पत्रकार संघ, यादव सभा, पूर्व सैनिक कल्याण संघ, बार एसोसिएशन, गौशालाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य पार्टियों शामिल थी। इस अवसर पर हरियाणा यादव महासभा के मुख्य महासचिव बलवान फौजी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष सूबेदार रामस्वरूप, यादव सभा महेंद्रगढ़ की तरफ से धर्मवीर यादव एडवोकेट, भाजपा की तरफ से भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, कांग्रेस पार्टी की तरफ से जिला अध्यक्ष सतवीर झूकिया, बार एसोसिएशन महेंद्रगढ़ की तरफ से पूर्व अध्यक्ष रमेश बोहरा एडवोकेट एवं नरेंद्र यादव एडवोकेट, गौशालाओं के प्रतिनिधियों के रूप में कैप्टन सुरेंद्र यादव व नवीन राव, हरियाणा पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप बालरोडिया व जिला संयोजक आनंद शर्मा ने पायलट को बधाई दी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पायलट को बधाई देने वाले अन्य प्रमुख व्यक्तियों में सतवीर यादव एडवोकेट, ब्रह्मदेव आर्य, कप्तान राजेंद्र यादव, बहादुर सिंह थानेदार, संजय राव रिवासा, प्रताप शास्त्री पत्रकार, धर्मेंद्र यादव एडवोकेट, ठाकुर विनोद सिंह एडवोकेट, विकास गोयल एडवोकेट, रामचंद्र पीटीआई, सूबेदार जगदेव सिंह, उत्तम शास्त्री, पवन नौताना, अशोक फौजी, सूबेदार गूगन सिंह, पत्रकार अक्षय यादव, वेद प्रकाश, अशोक, परमवीर, रवीन वर्मा, सत्यवीर सिंह बुडीन, जसवंत बेरी, पप्पू प्रधान सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर सरकार और प्रशासन गंभीरः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार के आदेशानुसार आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लघु सचिवालय में उपायुक्त अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एडवाइजरी समिति की बैठक आयोजित की गई। सबसे पहले उपायुक्त ने जिले में एक आधुनिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने की प्रक्रिया पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रशासन के लिए खाद्य सुरक्षा विषय सबसे अहम है। इस पर अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए भवन की तलाश है, जल्द ही लैब स्थापित की जाएगी।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजली। फोटोः हरिभूमि

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जब भी खाद्य सुरक्षा टीम संवेदनशील इलाकों में निरीक्षण या सैंपलिंग के लिए जाए, तो उन्हें तुरंत सुरक्षा बल उपलब्ध कराया जाए, ताकि कानूनी कार्रवाई में कोई रुकावट न आए। इसके साथ ही खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को राशन डिपो के अनिवार्य पंजीकरण और खाद्यान्न के भंडारण से लेकर वितरण तक पूरी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उद्योगों में नियमों के पालन के लिए जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को सभी खाद्य विनिर्माण इकाइयों का पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया।

### महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. रितु वाईके बहल ने जिला कारागार का दौरा किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव नीलम कुमारी भी मौजूद थी। उन्होंने वहां महिला बंदियों के लिए रिचा क्राफ्ट अटेली के सहयोग से चलाए जा रहे एक महीने के हस्तशिल्प कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरे के दौरान न्यायिक अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला बंदियों और उन्हें सिखाने वाले शिक्षकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण के दौरान तैयार की गई सुंदर और कलात्मक हस्तशिल्प की वस्तुओं को देखा।



### बीआर स्कूल में हुई इंग्लिश ग्रामर क्वीज प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप स्कूल सुरजनवास के प्राथमिक विंग में विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा दक्षता व्याकरण ज्ञान तथा आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंग्लिश ग्रामर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से तृतीय तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से अंग्रेजी व्याकरण शब्दावलीए वाक्य निर्माण स्पेलिंग तथा भाषा कौशल से संबंधित रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए। नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट तैयारी त्वरित सोच और प्रभावशाली प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता का सफल संचालन शिक्षिका सरीना यादव एवं मंजू यादव के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। उन्होंने प्रतियोगिता को रोचक शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामबीर यादव ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों में भाषा कौशल तार्किक सोच, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई।

### डीएल डार्क लाइट फाउंडेशन ने किया 150 पौधों का वितरण

**मंडी अटेली।** डीएल डार्क लाइट फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प के तहत वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत वन विभाग की नर्सरी से विभिन्न प्रजातियों के 150 पौधे लाकर उनका वितरण किया गया तथा विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण भी किया गया। अभियान की शुरुआत फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप कुमार ने अटेली कस्बे के भूपेश गुप्ता को तुलसी का पौधा भेंट कर की गई। इसके बाद उपस्थित नागरिकों को भी पौधे वितरित किए गए तथा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा।


कनीना। छात्र यशदीप को सम्मानित करते चेयरमैन व अन्य। फोटोः हरिभूमि

### यशदीप ने राइफल शूटिंग में किया क्वालीफाई

**कनीना।** छिथरोली निवासी छात्र यशदीप सांगवान ने 10 मीटर व 50 मीटर राइफल शूटिंग स्पर्धा में स्टेट क्वालीफाई कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस उपलब्धि पर एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। चेयरमैन अजमेर सिंह ने यशदीप को स्मृति चिह्न देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। पूर्व सैनिक पवन कुमार के बेटे यशदीप ने अपनी सफलता का माता-पिता तथा शिक्षकों को दिया है। बता दें की अगस्त 2024 में जिला स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले यशदीप ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। अब वे देहरादून में आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर सरपंच बलवान सिंह, प्रधानाचार्या रेखा दांगी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### राजस्थान से पहले हरियाणा को मिले उसका हक का पानीः राधेश्याम शर्मा



**नारनौल।** इनेलो संसदीय दल के सदस्य एवं पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि दक्षिण हरियाणा में जल संकट के स्थायी समाधान के लिए क्षेत्र में पानी लाने की मूल योजना उनकी रही है। यमुना नदी के पानी को नहर के माध्यम से कृष्णावती व दोहन नदियों से जोड़ा जाए तथा इन दोनों नदियों पर हमीदपुर बांध के अलावा कई छोटे-छोटे बांध बनाए जाएं। जिन किसानों की भूमि झील निर्माण में अधिग्रहित हो, उन्हें 50 हजार रुपये प्रति एकड़ वार्षिक मुआवजा दिया जाए तथा नियमों के अनुसार हर वर्ष इसमें बढ़ोतरी की जाए। शर्मा ने दावा किया कि वर्ष 1996-97 में जब उनके छोटे भाई कैलाश चंद विधायक थे।

### राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह

# जापान की यात्रा कर वापस लौटे छात्र ध्रुव को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 12वीं विज्ञान के छात्र ध्रुव गौतम के भारत सरकार के सौजन्य से सकुरा साइंस एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जापान देश की यात्रा करके वापस लौटने पर विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र ध्रुव गौतम व उसके माता-पिता का फूलमाला पहनकर शहर के मुख्य मार्ग से होकर भव्य जुलूस निकाला।



नारनौल। छात्र ध्रुव गौतम को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

विद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचने पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक, खंड शिक्षा अधिकारी पवन भारद्वाज, विद्यालय प्रबंधन समिति व विद्यालय प्राचार्या प्रोमिला यादव ने ध्रुव को पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्य द्वार से एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा बैंड की अगुवाई में मार्च पास्ट करते हुए मंच तक ले जाया गया।

छात्र ध्रुव ने अपनी जापान यात्रा से संबंधित अनुभव साझा करते हुए बताया कि उसने जापान जाकर विज्ञान प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं नवाचार से संबंधित अद्यतन जानकारी हासिल की। इस मौके पर जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्षा रेखा यादव व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने दी बधाई

खंड शिक्षा अधिकारी पवन भारद्वाज ने भी ध्रुव तथा उसके माता-पिता व विद्यालय परिवार को बधाई दी और इसी प्रकार से आगे बढ़ने हेतु सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या प्रोमिला यादव ने ध्रुव की उपलब्धि पर बधाई दी तथा आगंतुक अतिथियों का इस आयोजन में शामिल होने पर धन्यवाद किया तथा विद्यालय के विज्ञान विषय के प्राध्यापकों का उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन भौतिकी प्रवक्ता राजसिंह यादव ने किया। छात्र ध्रुव व उसके माता-पिता द्वारा विद्यालय परिसर में एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



नारनौल। खेत में बरसाती पानी भरने के बाद खत्म हुई ग्वार की फसल। फोटो : हरिभूमि

## नुकसान का मुआवजा और खेत की टूटी मेड़ की मरम्मत कराने की मांग

# निर्माण कम्पनी की लापरवाही से ग्वार की फसल बर्बाद किसान ने उपायुक्त से लगाई मुआवजे की गुहार

**आरोप मेड़ तोड़कर खेत में छोड़ा गया बरसाती पानी, विरोध करने पर सुपरवाइजर ने अभद्रता कर धमकाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले के गांव रघुनाथपुरा निवासी किसान ने निर्माणाधीन अंडरपास का कार्य कर रही गावड कंपनी पर लापरवाही बरतने और उसकी ग्वार की फसल बर्बाद करने का आरोप लगाया है। किसान ने शिकायत समाधान शिविर में उपायुक्त अनुपमा अंजली को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच, फसल के नुकसान का मुआवजा तथा खेत की टूटी मेड़ की मरम्मत कराने की मांग की।

**गहली चौक के पास गावड़ कंपनी की ओर से अंडरपास निर्माण का चल रहा कार्य**

शिकायत में रघुनाथपुरा निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उनका खेत एनएच-11 पर बाबा ओयल मिल के समीप स्थित है। किसान ने बताया कि उसने इस बार अपने खेत में ग्वार की फसल की बुवाई की थी। इसी दौरान गांव गहली चौक के पास गावड़ कंपनी की ओर से अंडरपास निर्माण का कार्य चल रहा है। बरसात के दौरान निर्माण स्थल पर जलभराव होने के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन से उसके खेत की मेड़ तोड़ दी और सड़क का जमा हुआ पानी खेत की ओर मोड़ दिया। किसान का आरोप है कि अचानक

### फसल खराब होने से हुआ आर्थिक नुकसान

बड़ी मात्रा में बरसाती पानी खेत में भर जाने से पूरी ग्वार की फसल जलमग्न हो गई। लंबे समय तक पानी भरा रहने के कारण पौधे खराब हो गए और फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। खेत में पानी उतरने के बाद भी फसल दोबारा खड़ी नहीं हो सकी, जिससे उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।



नारनौल। निर्माण कंपनी की ओर से बनाई गई दीवार व टूटी मेड़, जिससे बरसाती पानी खेत में पहुंचा तथा गांव गहली के पास निर्माणाधीन अंडरपास, जहां कंपनी द्वारा कार्य किया जा रहा है। फोटो : हरिभूमि

### कम्पनी पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

रमेश कुमार ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि जब वह इस नुकसान की शिकायत लेकर निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर के पास पहुंचा, तो उसकी बात सुनने के बजाय उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। शिकायत में कहा गया है कि सुपरवाइजर ने उसे वहां से भगा दिया और दोबारा आने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। किसान का कहना है कि वह न्याय की उम्मीद लेकर जिला प्रशासन के पास पहुंचा है। किसान ने उपायुक्त से मांग की है कि राजस्व एवं संबंधित विभागों से मौके का निरीक्षण करवाकर फसल के नुकसान का आकलन कराया जाए, कंपनी से उचित मुआवजा दिलाया जाए तथा खेत की टूटी हुई मेड़ को दोबारा बनवाया जाए, ताकि भविष्य में बरसात के दौरान ऐसी घटना दोबारा न हो।

## परमिट प्रक्रिया अंतिम चरण में, वर्षांत तक बस संचालन की उम्मीद

# नारनौल से आगरा, मथुरा-वृंदावन और हरिद्वार की राह होगी आसान

**छह माह में 15 नए रूट शुरू**

**10 नई बसें मिलने की संभावना; कई गांव अब भी नियमित बस सेवा से वंचित**

- डिपो अपने बस बेड़े को मजबूत करने की दिशा में भी प्रयासरत



नारनौल। बस डिपो में खड़ी बसें। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा रोडवेज के नारनौल डिपो ने जिले के यात्रियों को जल्द ही तीन बड़े धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक सीधी बस सेवा की सौगात देने की तैयारी में है। विभाग ने आगरा, हरिद्वार और मथुरा-वृंदावन के लिए बस संचालन की प्रक्रिया तेज कर दी है। इन रूटों के परमिट अंतिम चरण में हैं और यदि सब कुछ तय योजना के अनुसार रहा तो वर्ष के अंत तक इन शहरों के लिए नियमित बसें दौड़ती नजर आएंगी। इससे न केवल धार्मिक यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यटन, शिक्षा और अन्य कार्यों से यात्रा करने वाले लोगों का सफर भी पहले की तुलना में अधिक आसान और किफायती हो जाएगा।

**अलग खबर**

नारनौल डिपो ने पिछले छह माह के दौरान यात्रियों की मांग और क्षेत्रीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने परिवहन नेटवर्क का लगातार विस्तार किया है। इस अवधि में 15 नए रूटों पर बस सेवा शुरू की गई है, जिनमें 10 ग्रामीण एवं छोटे रूट और पांच लंबी दूरी के रूट शामिल हैं। चित्तौड़गढ़ और सालासर के लिए शुरू की गई सीधी बस सेवा को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। वहीं झज्जर के रास्ते नारनौल-दिल्ली तथा नांगल चौधरी से खाटू श्याम तक बसों के संचालन ने भी हजारों यात्रियों की यात्रा को आसान बनाया है। इन नए रूटों से निजी वाहनों पर निर्भरता कम होने के साथ रोडवेज की आय में भी वृद्धि दर्ज की गई है। अब विभाग की प्राथमिकता उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को सीधे नारनौल से जोड़ने की है। हरिद्वार और मथुरा-वृंदावन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे वर्ष यात्रा करते हैं, जबकि आगरा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है। वर्तमान में इन स्थानों पर जाने वाले अधिकांश यात्रियों को बीच रास्ते बस बदलनी पड़ती है या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। सीधी बस सेवा शुरू होने से समय की बचत होगी।

### यह कहते हैं जीएम

जनवरी से जून के बीच 10 ग्रामीण एवं छोटे तथा पांच लंबे रूटों पर बस सेवा शुरू की गई है। आगरा, हरिद्वार और मथुरा-वृंदावन के लिए परमिट प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वर्ष के अंत तक इन रूटों पर बस संचालन शुरू करने का लक्ष्य है। साथ ही डिपो को करीब 10 नई बसें मिलने की भी उम्मीद है, जिससे यात्रियों को और बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

-देवदत्त, महाप्रबंधक, हरियाणा रोडवेज, नारनौल

### ग्रामीण रूटों पर अब भी परेशानी

हालांकि रोडवेज लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन जिले के कई गांव आज भी नियमित बस सेवा से वंचित हैं। कुलताजपुर, ढोसी धाम सहित अनेक गांवों के ग्रामीण लंबे समय से बस सुविधा की मांग उठा रहे हैं। उनका कहना है कि सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं होने के कारण विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और नौकरीपेशा लोगों को शहर आने-जाने में काफी परेशानी होती है। कई बार निजी वाहनों से लिफ्ट लेकर सफर करना पड़ता है या ऑटो पर अधिक किराया खर्च करना पड़ता है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि इन क्षेत्रों तक भी नियमित बसें चलाई जाएं तो हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### व्यस्त मार्गों पर फेरे भी बढ़ाए जा सकेंगे

चालू वर्ष के दौरान करीब 10 नई बसें मिलने की संभावना है। पिछले वर्ष डिपो को 25 नई बसें मिली थीं, लेकिन बीएस-4 श्रेणी की 16 पुरानी बसों के सेवा से बाहर होने के कारण बसों की वास्तविक संख्या में केवल नौ बसों की ही बढ़ोतरी हो सकी थी। वर्तमान में नारनौल डिपो के पास 137 बसों का बेड़ा है। नई बसों के शामिल होने से नए रूट शुरू करने के साथ-साथ व्यस्त मार्गों पर फेरे भी बढ़ाए जा सकेंगे।

### बेहतर सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध करवाने का प्रयास

रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की संख्या और मांग के आधार पर नए रूटों का लगातार सर्वे किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में पर्याप्त यात्री मिलेंगे, वहां भविष्य में बस सेवा का विस्तार किया जाएगा। विभाग का प्रयास है कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों को भी बेहतर सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराया जाए।

## न्यूज डायरी

### मतदाता सूची अपडेट कार्य का निरीक्षण करने बूथों पर पहुंचे एसडीएम



नारनौल। भविष्य में होने वाले चुनावों के मद्देनजर एक सटीक व त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी अनिरुद्ध यादव ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने विशेष रूप से उन चुनिंदा बूथों का दौरा किया जहां बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा प्रपत्रों के डिजिटलाइजेशन का कार्य अब तक 90 प्रतिशत से कम पाया गया है। उन्होंने कार्य की धीमी गति पर निर्देश दिए कि तय समय सीमा के भीतर हर हाल में काम पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने ग्राउंड पर तैनात बीएलओ से सीधे बातचीत कर उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आम जनता से प्राप्त होने वाले सभी प्रपत्रों को बिना किसी देरी के संबंधित पोर्टल पर तुरंत अपलोड किया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और सूची को पूरी तरह शुद्ध बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

### जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार



नारनौल। सीआईए युवक पर जानलेवा हमला करने, पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आयुष, मनीष, मयंक को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपितों को हीरो हौंडा चौक से गिरफ्तार किया। जिनके पास वारदात में शामिल लोहे की पाइप भी बरामद की गई। पीड़ित राहुल निवासी मोहल्ला पुरानी सराय की लिखित शिकायत के आधार पर की गई है। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपितों अंकुश गोयल, हर्ष गोयल, कृष्ण पोषवाल, नितेश, अंश, मनीष परमार व अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब 18-20 दिन पहले आरोपित अंकुश गोयल, हर्ष गोयल और कृष्ण पोथवाल ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की थी, उसका मोबाइल फोन छीन लिया था तथा जान से मारने की धमकी दी थी। इसी रंजिश के चलते 21 जून की शाम जब वह अपनी स्कूटी से निजामपुर रोड स्थित टाटा शोरूम के पास से गुजर रहा था, तभी पीछे से आई एक कैंपर गाड़ी ने उसे जान से मारने की नीयत से पीछे से सीधी टक्कर मारी, इसके बाद गाड़ी से करीब छह-सात हमलावर उतरे, जिनके हाथों में स्टील के पाइप और लोहे की रॉड थी। जिससे आरोपितों ने उस पर हमला कर दिया। स्थानीय मोहल्ला वासियों और राहगीरों के भारी विरोध के बाद आरोपित मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे।

### पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर चलाया सर्च अभियान



नारनौल। सुरक्षा व्यवस्था व आम नागरिकों की शांति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस व कमांडो टीम ने संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सक्रिय नशे के आदी व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करना था। इस अभियान के दौरान सिटी थाना पुलिस व कमांडो यूनिट की टुकड़ियों ने एक साथ मिलकर शहर के पार्कों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य संदिग्ध इलाकों में गहन तलाशी ली। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर बिना किसी कारण घूमते हुए और शांति भंग करने की कोशिश कर रहे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई और उनसे सख्त पूछताछ की गई।

## बीकानेर डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक ने कनीना स्टेशन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम गौरव गोविल व अन्य।

उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के अंतर्गत आने वाले बीकानेर-रेवाड़ी रेलखंड पर संरक्षित रेल संचालन व यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम गौरव गोविल ने कनीना खास रेलवे स्टेशन व समपार फाटक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा के लिए स्टेशन परिसर और रेलवे ट्रैक की बारीकी से जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीआरएम गौरव गोविल ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया, टिकट खिड़की और स्टेशन मास्टर कक्ष का सघन मुआयना किया। उन्होंने स्टेशन पर मौजूद साफ-सफाई व यात्री सुविधाओं का जायजा लेते हुए इन्हें और अधिक उन्नत व सुविधाजनक बनाने के लिए निर्देश दिए।

## भारती सैनी ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजिस्टर्ड) ने हरियाणा प्रदेश महिला इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए नारनौल की सामाजिक कार्यकर्ता तथा हरियाणा महिला आयोग की सदस्या भारती सैनी को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महेंद्रगढ़ जिला प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन ने इस नियुक्ति को समाज के संगठनात्मक विस्तार और महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी तथा राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष वनिता सुयोग लोंढे के निर्देश पर प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। विभिन्न पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श और सुझावों के बाद नई कार्यकारिणी को अंतिम रूप दिया गया। इसी क्रम में नारनौल के



कैलाश नगर निवासी एवं हरियाणा महिला आयोग की सदस्या भारती सैनी को प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ-साथ महेंद्रगढ़ जिले की प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### महासर में मिट्टी खुदाई को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत कर जताया रोष

मंडी अटेली। ग्राम पंचायत महासर में पंचायती जमीन पर मिट्टी खुदाई को लेकर ग्रामीणों में रोष है। रात्रि के अंधेरे में जेसीबी से खोद कर ट्रैक्टरों में लोड की गई है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खनन विभाग को लिखित दी है। गांव की पूर्व सरपंच सुनीता देवी के पति हरकेश, महेंद्र, बिल्लू सिंह, शिवकुमार, रविंद्र, रोशन लाल, ओमप्रकाश, रामबीर आदि ने बताया कि गांव की गोचर भूमि में महासर से गढ़ी को जाने वाले रास्ते पर शनिवार रात्रि को जेसीबी चला कर मिट्टी को ले जाई जा रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के अंधेर में जब ट्रैक्टरों की भीड़ देखी गई तो ग्रामीणों एकत्रित हो गए। हरकेश ने बताया कि गांव की मिट्टी को बेचा जा रहा है। रात्रि के समय मिट्टी की खुदाई की खबर पाकर हमने 112 को सूचना प्रेषित की। डायल 112 ने रात्रि को हुई खुदाई को बंद करा दिया था, लेकिन इस अंतराल में सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर–ट्रालियों से मिट्टी का उठान हो चुका था। ग्रामीणों ने खुदाई की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**मंथन**

## माय भारत' पोर्टल पर युवाओं का करवाएं रजिस्ट्रेशन

# हर संस्थान में नियुक्त होंगे 'माय भारत' नोडल अधिकारी और ब्रांड एम्बेसडर: एडीसी

- एडीसी ने ली 'माय भारत' कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल।



नारनौल। जिला स्तरीय बैठक लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया की अध्यक्षता में 'माय भारत' कार्यक्रम की जिला स्तरीय समीक्षा एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं को 'माय भारत' पोर्टल से जोड़ना, शैक्षणिक संस्थानों व विभिन्न विभागों की ऑनबोर्डिंग सुनिश्चित करना तथा युवाओं को पोर्टल पर उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ दिलाना है। समीक्षा के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए कि वे अपने संस्थानों के शत-प्रतिशत पात्र विद्यार्थियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहे इंटेंसिव रजिस्ट्रेशन अभियान को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक पात्र युवा को इस मंच से जोड़ने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागों एवं शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक युवाओं को स्वतंत्रता दिवस क्विज में भाग लेने तथा नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में एक माय भारत नोडल अधिकारी तथा एक माय भारत ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शैक्षणिक संस्थान अपने यहां नियुक्त नोडल अधिकारी एवं ब्रांड एम्बेसडर की सूची निर्धारित समयावधि में माय भारत कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि संस्थागत स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।

### ये रहे मौजूद

सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. अमित चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी विशेश्वर कौशिक, डीआईओ प्रशांत कुमार, जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### सहभागिता सुनिश्चित कराने की अपील

बैठक में माय भारत जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने माय भारत पोर्टल पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों व अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। यह पोर्टल युवाओं के लिए स्वयंसेवा, इंटर्नशिप, विभिन्न प्रतियोगिताओं, नेतृत्व विकास, सामुदायिक भागीदारी तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का एक उत्कृष्ट राष्ट्रीय मंच है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पोर्टल पर नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं तथा साथ ही स्वतंत्रता दिवस क्विज का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागों एवं शैक्षणिक संस्थानों से युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने की अपील की। बैठक के समापन पर एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स तथा अन्य युवा संगठनों को भी माय भारत पोर्टल से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।

### यादव सभा विवाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग तेज

महेंद्रगढ़। यादव सभा के विवाद को लेकर एकबार फिर मामला गर्मा गया है। संस्था के कुछ सदस्यों ने जिला रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं समितियां, नारनौल को अंतिम स्मरण-पत्र भेजकर यादव सभा में तत्काल सरकारी प्रशासक नियुक्त करने, संस्था के बैंक खाते सीज करने तथा कथित अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समाज को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यादव सभा सदस्य प्रदीप बालरोडिया, राजकुमार, अनिल कुमार, दिनेश, हरिसिंह, अजय ने शिकायत पत्र में कहा गया है कि जिला रजिस्ट्रार कार्यालय के आदेश के अनुसार एड-हॉक कमेटी का कार्यकाल 3 जून 2026 को समाप्त हो चुका है और तत्कालीन संयोजक भी 2 जून को इस्तीफा दे चुके थे।